## संक्षिप्त

### धार्मिक स्थल में बॉल जाने से विवाद

**टोंक**। पुरानी टोंक थाना क्षेत्र की रामद्वारा कॉलोनी में रविवार को क्रिकेट खेलते समय बॉल धार्मिक स्थल में चले जाने के बाद दो पक्षो में विवाद हो गया, इस दौरान तीन युवको ने मारपीट कर दी, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुरानी टोंक थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया तथा पुलिस ने अपील की कि सोशल मीडिया पर किसी तरह की भ्रांति नहीं फैलाए, साइबर सेल पूरी निगरानी बनाए हुए है। थाना प्रभारी नेमीचंद ने बताया कि मामला पंचकुइया दरवाजा स्थित एक समुदाय के धार्मिक स्थल का है, वहां खाली पडी जमीन पर रविवार सुबह आसपास के रहने वाले कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे, इस दौरान गेंद धार्मिक स्थल में चल गई, वहीं एक बच्चा गेंद को लेने धार्मिक स्थल परिसर में चला गया और गेंद ले आया। इसका पता दूसरे पक्ष को पडने पर उस पक्ष के युवको ने एक लडके साथ मारपीट कर दी। बाद में मौके पर पंहुची थाना पुलिस ने मामले को शान्त करने के लिए मारपीठ करने वाले तीन युवको को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि डिटेन किए युवको ने पूछताछ के बाद बताया कि कुछ बच्चे चप्पल पहनकर धार्मिक स्थल में चल गए थे।

### वेल्डिंग करने के दौरान लगी आग

**सिकराय**, (निसं) सिकंदरा थानांतर्गत गढ़ गांव में रविवार को पिकअप में वेल्डिंग करते समय पिकअप में रखे प्लास्टिक के कैरेटो में आग लग गई। पिकअप में आग की लपटें उठती देख बाजार में अफरातफरी मच गई। लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों की सूझबूझ से पिकअप को घटना स्थल के पास कुंडे में भरें पानी व मिट्टी की सहायता से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया लिया।आग पर काबू मिलने के बाद में ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया पिकअप चालक पिकअप में वेल्डिंग करवा रहा था कि इसी दौरान पिकअप में रखी खाली सब्जियां की प्लास्टिक की केरिटो ने आग पकड़ ली जिससे पिकअप में रखी कैरिटो में आग लग गई। पिकअप में आग की लपटें उठती देख बाजार में अफरातफरी मच गई और मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पानी व मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया।

### प्रकल्प प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

**कोटपूतली**, (निसं)। सेवा भारती समिति द्वारा बसंत प्रभु आदर्श विद्या मंदिर में मासिक प्रकल्प शिक्षिका व कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सेवा भारती जयपुर प्रांत सह मंत्री महेश कुमार गोयल ने दीप मंत्र, गायत्री मंत्र, महापुरुषों की जीवनी, मासिक गीत, भजन तथा भोजन मंत्र का अभ्यास कराया। उन्होंने सच्चा वीर बना दे मां गीत का सार विस्तार से समझाया। वर्ग में ध्यान जी महाराज बाल संस्कार केंद्र चतुर्भुज से शिक्षिका मोना व चंचल, अहिल्याबाई होलकर सिलाई केंद्र सरुण्ड से शिक्षिका राधा देवी, माता रानी बाल संस्कार केंद्र भीमराव अंबेडकर बस्ती सरुण्ड से शिक्षिका आईसा शर्मा, जमवाय माता बाल संस्कार केंद्र भीम की ढ़ाणी राजनौता से शिक्षिका अंबिका शेखावत, वाल्मीकि बस्ती से शारदा आर्य तथा बाबा रामदेव बाल संस्कार केंद्र मनोहरपुर इंदिरा कॉलोनी से अंजना रैगर उपस्थित रहीं। महेश कुमार गोयल ने शिक्षिकाओं को मंत्र, गीत, भजन व आदर्श जीवन के संस्कारों का अभ्यास कराया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण भूषण, जिला मंत्री महेश चन्द सैनी, सह जिला मंत्री बीना सोनी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र, जिला स्वास्थ्य आयाम प्रमुख एड. भूपेंद्र सोनी, जिला सामाजिक आयाम प्रमुख नागरमल अग्रवाल, जिला स्वावलंबन प्रमुख पुरुषोत्तम सोनी, नगर मंत्री छाजूराम सैनी तथा नगर सत्संग प्रमुख अमिता भटनागर सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**टोंक**। डिग्गी थाना क्षेत्र में शनिवार रात्रि को डिग्गी मुख्यालय स्थित रोडवेज बस स्टैंड के पास किराए के मकान में रह रहे 30 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को डिग्गी कस्बे में किराये से रहे 30 वर्षीय युवक सियाराम निवासी खेडली ने कमरे में फांसी का फंदा बनाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बाद में सूचना पर पंहुची डिग्गी थाना पुलिस ने कमरे की जांच-पड़ताल करश्शव के डिग्गी चिकित्सालय में रखवाया गया है। घटना के बाद मालपुरा से मोबाइल इन्वेस्टिगेशन टीम भी घटनास्थल पर पहुंची तथा आत्महत्या के कारणों की जांच में जुट गई।

# तीन गायों की मौत पर बजरंग दल व गौ रक्षकों ने जताया आक्रोश

■ एक साथ तीन गायों की संदिग्धावस्था में हुई मौतों के पीछे फूड पॉइजनिंग की जताई आशंका

**पावटा**, (निसं)। कस्बा स्थित शनि मंदिर के पास वार्ड न.19 में एक साथ तीन गायों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। एक साथ हुई मौतों के पीछे फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में प्रागपुरा थाना पुलिस में गौ रक्षकों ने शिकायत दर्ज कराई है। वही एक साथ तीन गायों की संदिग्ध हालत में मौत व उनके क्षत विक्षत शवों को देखकर गौ रक्षकों में आक्रोश व्याप्त हो गया। गौ रक्षकों ने पुलिस प्रशासन से गौ वंशों का पोस्टमार्टम करवाने की मांग की। जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा पशु चिकित्सा विभाग को सभी मृत गायों का पोस्टमॉर्टम कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उपखंड अधिकारी पावटा साधना शर्मा के निर्देशों पर मौके पर नायब तहसीलदार संजय खेदड़ ने आक्रोशित बजरंगदल व गौ रक्षकों को गौ वंश का पोस्टमार्टम करवाने व निराश्रित गौ वंशों को आस पास की गौशालाओ में छुडवाने एवं गौ पालकों को खुला नहीं छोड़ने के लिए पाबंद करने का आश्वाशन दिया। वही बुधवार को गौशालाओ के पदाधिकारियों संग बैठक व निराश्रित गौवंशों को गौ शालाओं में छोड़ने की बात कही।

वहीं पशु चिकित्सकों ने प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में गौवंश का पोस्टमार्टम कर बताया कि प्लास्टिक पॉलीथिन को निराश्रित गायों ने खाया, जिससे फूड पॉइजनिंग की स्थिति बनी और उनकी मौत हो गई। प्रागपुरा थाना कांस्टेबल धर्मेंद्र ने बताया कि पशु चिकित्सकों द्वारा पोस्टमॉर्टम में गौ वंश के शरीर में प्लास्टिक पॉलीथिन व प्लास्टिक नलकी मिलने व कुत्तों द्वारा उनके शरीर को नोचने से मृत्यु का कारण स्पष्ट हुआ और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



एक साथ तीन गायों की मौत होने पर बजरंगदल व गौ रक्षकों ने आक्रोश जताया।

इस दौरान बजरंग दल से राकेश जिला संयोजक, विभाग संयोजक सुरेंद्र, सुरेंद्र जांगिड अलवर विभाग संयोजक, पवन शर्मा पावटा प्रखंड संयोजक, गौ रक्षक ख्यालीराम यादव, पवन शर्मा, अमित वर्मा, सचिन, लक्ष्मण, आकाश, श्रीराम, उमेश, प्रहलाद सैन, प्रिंस मिश्रा, तन्नी मिश्रा सहित गौ रक्षकों व बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एक साथ तीन गायों कीसंदिग्ध हालत में मौत व उनके क्षत विक्षत शवो पर गंभीर चिंता जताई। न्होंने कहा कि सनातन परंपरा के अनुसार गाय को मां का दर्जा दिया गया है लेकिन हमारी खराब आदतों के चलते सिंगल यूज प्लास्टिक गौ माता को मौत के मुंह में ढकेल रहा है। प्रतिबंधित होने के बावजूद लोग अपनी सुविधा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हैं जिसके चलते बेजुबान पशुओं की जान खतरे में आ जाती है। आमजन की इस गलत आदत से इन बेजुबान पशुधन को कितना दर्द झेलना पड़ता है, इसका अंदाजा डॉक्टरों की टीम को होने वाली मशक्कत से लगाया जा सकता है। गायों के पेट में जमा प्लास्टिक के कारण वे चारा नहीं खा पाती हैं और उनकी मौत हो जाती है।

गौ रक्षकों का कहना है कि प्लास्टिक इंसान ही नहीं, पशुधन के लिए भी काफी खतरनाक है। बचे हुए खाने को प्लास्टिक में फेंकना कितना घातक हो सकता है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। शहरवासियों से अपील है कि जाने-अनजाने में प्लास्टिक की पॉलीथिन में बंद करके सड़कों पर कचरा ना फेंकें, क्योंकि बेजुबान मवेशी पॉलीथिन की थैलियों को सीधे ही खा जाते हैं और वे उनके पेट में जाकर गट्ठर के रूप में जमा हो जाती हैं। पशु चिकित्सकों द्वारा गौवंशों का पोस्टमार्टम कर सभी मृत मवेशियों को विधिवत दफनाया गया है।

## बुजुर्ग पर लकड़ी के पट्टे से किया हमला, मौत

■ ग्राम नारेहड़ा के ओमानंद महाराज के आश्रम की घटना

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा के नदी क्षेत्र स्थित ढ़ाणी बणियाली (बाडाला) में रविवार दोपहर एक बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में निर्मम हत्या का सनसनी खेज मामला सामने आया हैं। जहां अज्ञात कारणों के चलते बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

मृतक की पहचान जगदीश (83) पुत्र अर्जुनराम निवासी ग्राम खेड़ा निहालपुरा के रूप में हुई है। जो कि ढ़ाणी बणियाली (बाडाला) स्थित ओमानंद जी महाराज के आश्रम में रविवार दोपहर गया था। वहां पर बुजुर्ग के जाने के बाद कुछ ही देर में एक युवक पहुंचा। जिससे बुजुर्ग की किसी बात पर मामूली कहासुनी हुई जो अचानक विवाद में बदल गई। बताया जा रहा हैं कि उक्त युवक ने ही तैष में आकर वहां पड़े एक लकडी के पट्टे से बुजुर्ग के सिर पर कई बार वार किये। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। जिसके बाद युवक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने बुजुर्ग को यहां के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरड़क व सरूण्ड थानाधिकारी यषपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि एफएसएल और डव्ठ टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये हैं। मृतक बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं परिजनों द्वारा देर शाम हो जाने के कारण मृतक बुजुर्ग का अन्तिम संस्कार नहीं किया गया, जो कि सोमवार को किया जायेगा। डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरड़क ने बताया कि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका हैं। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त लकडी के पट्टे को भी बरामद किया हैं। आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस द्वारा तीन टीमों का गठन किया।

## युवा कांग्रेस का संकल्प अभियान हर घर तक की शुरुआत

**कोटपूतली**, (निसं)। राजस्थान युवा कांग्रेस के आव्हान पर संकल्प अभियान हर घर तक की शुरुआत रविवार से की गई। इस मौके पर कोटपूतली-बहरोड़ जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक इन्द्राज सिंह गुर्जर, पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, मुण्डावर विधायक ललित यादव, पूर्व विधायक बलजीत यादव, पीसीसी महासचिव देव कसाना, संजय यादव बहरोड़ आदि द्वारा अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया।

युवा कांग्रेस कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अशोक कसाना ने बताया कि कोटपूतली विधानसभा में संकल्प अभियान हर घर तक की शुरुआत की गई व आगामी 100 दिन की कार्ययोजना का पोस्टर विमोचन किया गया।

जिसमें युवा कांग्रेस की ओर से हर बूथ तक वोट चोरी-चुनाव चोरी (एसआईआर)। युवाओं का युद्ध ड्रग्स के विरुद्ध नशा नहीं रोजगार दो। किसानों



100 दिन की कार्ययोजना का पोस्टर का विमोचन किया।

का संपूर्ण कर्जा मुक्ति अभियान- सिंचाई पानी की भारी कमी व पेयजल के लिये दूषित पानी जो 16 जिलों में आ रहा है उसका उचित प्रबंधन, एमएसपी का सही रूप से लागू नहीं होना, फसल खराब होने पर उचित मुआवजा ना मिलना व मुआवजे में देरी, खाद, यूरिया व पेस्टिसाइड का ना मिलना व इसकी कालाबाजारी होना। छात्रों एवं युवाओं के मुद्दे-भर्ती परीक्षाओं में देरी, विभागों में रिक्त पदों के अनुसार भर्ती निकालो आरपीएससी/आरएसएसबी में सुधार करों, आरक्षित वर्गों के आरक्षण से छेड़छाड़ बंद करों, समय पर एससी, एसटी वर्गों को छात्रवृत्ति जारी करों, बेरोजगारी भत्ता जारी करों, उच्च शिक्षा में शिक्षा वीर योजना बंद करों, स्कूटी वितरण में ओबीसी की छात्राओं को शामिल करें।

## गौचर बचाओ, गाय बचाओ व गौ सम्मेलन का आयोजन

**पावटा**। श्री बाबा भोमिया गौ शाला पाथरेड़ी में राजस्थान गौ सेवा समिति के तत्वाधान एवं राजस्थान गौ सेवा समिति संरक्षक श्री श्री हीरापुरी महाराज के सान्निध्य व नीलका धाम महंत रामदास महाराज की अध्यक्षता, गौ सेवा समिति जिला संरक्षक जगमाल सिंह यादव, सचिव गौ सेवा समिति फूटा जोहड़ा महंत बलराम दास महाराज के विशिष्ट आतिथ्य में गौचर बचाओ, गाय बचाओ, जिला स्तरीय गौ सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में श्री बाबा भोमिया गौ शाला पाथरेडी की भूमि ज्यों कृषि महाविद्यालय को आवंटित की गई है उसे वापस गौ शाला को आवंटित किया जाए, गौशाला में गोवंश ज्यादा होने एवं गौशाला के पास पर्याप्त जमीन नहीं होने के कारण गोचर भूमि गौशाला के लिए आवंटित की जाए, सरकार समय-समय पर गौशाला के अनुदान राशि जारी करे सहित अनेक प्रस्ताव लिए गए। वही वक्ताओं ने कहा कि गौ रक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

## ग्रांट पेरेंट्स दिवस मनाया

**फुलेरा**। रेल परिसर स्थित पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय दादा दादी नाना-नानी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्रधानाचार्य एनएस यादव ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी परिवार के मुखिया होने के साथ-साथ अपने नौनिहालों पोते पोतियों और नातियों के सच्चे दोस्त व मार्गदर्शक होते हैं।

उन्होंने कहा कि आज का बच्चा अपनी छोटी-छोटी जरूरत और समस्याएं माता-पिता की बजाय दादा-दादी, नाना-नानी से साझा कर समाधान चाहता है। बुजुर्ग अपने अनुभव, प्रेम और दुलार से नन्हों की समस्याएं हल करते हैं, जिससे उनमें मित्रवत भाव विकसित होता है। उन्होंने कहा कि परिवार के बुजुर्ग प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से बच्चों में संस्कार व विचारधारा का निर्माण करते हैं, वहीं तीसरी पीढ़ी के संपर्क से उनका अकेलापन भी दूर होता है। इस मौके पर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।।

## संस्कारवान व सुशिक्षित जीवन जीने के लिये प्रेरित किया

**कोटपूतली**, (निसं)। कस्बे के शक्ति विहार स्थित शिव सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में आचार्य बलराम दास महाराज (फूटा जोहड़ा) ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विधार्थियों को संस्कारवान व सुशिक्षित जीवन जीने के लिये प्रेरित किया। आचार्य बलराम दास महाराज ने विधार्थियों को स्वास्थ्य, संस्कार व सुशिक्षा से संबंधित विभिन्न कथाओं व महाकाव्यों जैसे महाभारत, रामायण व भागवत गीता के संस्करणों को गहराई से समझाते हुये आशीर्वचन दिया। आचार्य ने विधार्थियों को जीवन में सफल होने के लिये आवश्यक सूत्र बताये। उन्होंने विधार्थियों को प्रतिदिन प्रातः जल्दी उठने, योग व व्यायाम करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि उसे पाने के लिये निरंतर कार्य करने पर ध्यान दिया जाना चाहिये। उन्होंने सफल जीवनयापन के लिये संस्कार, स्वास्थ्य, सुशिक्षा व अनुशासन को अतिआवश्यक बताया। अध्यक्षता करते हुये सह निदेशक हृदेश शर्मा ने कहा कि हमें इन सभी बातों का अपने जीवन में अनुसरण करना चाहिये और कठोर मेहनत व विनम्र व्यवहार करते हुये अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर बढ़ना चाहिये। प्रधानाचार्य डॉ. घनेश गौड़ ने अतिथियों का माल्यार्पण, प्रतीक चिन्ह व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया तथा उनका आभार प्रकट किया।

# वोट चोरी के विरोध में महारैली की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**किशनगढ़ बास**, (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर वोट चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे महाअभियान के तहत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर विधायक दीपचन्द ख़ैरिया की अध्यक्षता में बैठक की गई।

विधायक खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया बैठक को नवनियुक्त जिला प्रभारी फूलसिंह ओला, पीसीसी महासचिव व किशनगढ़बास विधानसभा समन्वय प्रभारी देव कसाना, मुंडावर विधायक

■ खैरथल तिजारा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र से करीब तीन हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे

ललित यादव, तिजारा के पूर्व विधायक संदीप यादव, पीसीसी महासचिव अजीत यादव ने सम्बोधित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रैली में खैरथल तिजारा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र से करीब तीन हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे।

बैठक में जिला प्रभारी फूलसिंह ओला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि दिल्ली की यह रैली ऐतिहासिक होगी और इसमें देशभर से लाखों की संख्या में कांग्रेस जन शामिल होंगे। विधायक दीपचन्द खैरिया ने ब्लॉक एवं





महारैली की तैयारियों को लेकर विधायक दीपचन्द ख़ैरिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को दिल्ली लेकर पहुंचे।

मुंडावर विधायक ललित यादव ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य चुनाव व्यवस्था में कथित धांधलियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ देशभर में संदेश देना है।उन्होंने ने आरोप लगाया कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंच रही है। पूर्व विधायक तिजारा संदीप यादव ने कहा जब चुनाव सिस्टम पर यह हमला हमारी आंखों के सामने हो रहा है, तो हम चुप नहीं रहेंगे। यह महारैली वोट चोरों के चंगुल से भारतीय लोकतंत्र को वापस पाने की हमारी लड़ाई की बस शुरुआत है। इस दौरान पीसीसी महासचिव ने शनिवार को केंदीय मंत्री अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा किशनगढ़बास विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण किया लेकिन किसी भी शिला पट्टिका में वर्तमान विधायक दीपचन्द ख़ैरिया का नाम नही होने से प्रोटोकॉल का उलंघन बताया व सभी कार्यकर्ताओं ने निंदा प्रस्ताव पारित किया। साथ ही कांठोस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर तुरन्त पदमुक्त करने की मांग की। बैठक में प्रधान बद्री प्रसाद सुमन, पूर्व प्रधान रोहतास चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष किशनगढ़ बास संदीप पाटिल, ब्लॉक अध्यक्ष कोटकासिम राम प्रसाद गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष तिजारा धर्मपाल गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष टपूकड़ा अख्तर हुसैन, ब्लॉक अध्यक्ष मुंडावर अखिलेश कौशिक व सरपंच सहित सैकड़ो काग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की मांग



**कोटपूतली**, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा में रविवार को ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गांव में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई। ग्रामीणों ने एएसआई धोलाराम को जिला पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुये त्वरित व प्रभावी कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ असामाजिक तत्व महिलाओं एवं स्कूल जाने वाली छात्राओं पर फब्तियां कसते हैं और सरकारी विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय व आयुर्वेदिक औषधालय के आसपास बिना कारण घूमते रहते हैं, जिससे कर्मचारियों में भी डर और तनाव का माहौल है। बताया गया कि ये लोग गांव में आते-जाते महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और रात के समय तेज रफ्तार में थार गाड़ियां दौड़ाते हैं। तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने से ग्रामीणों में भय का वातावरण बना हुआ है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कई छात्राओं ने सुरक्षा को लेकर स्कूल जाना बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी पुलिस को लिखित में शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से तत्काल कठोर कदम उठाने की मांग की, ताकि गांव में शांति, सुरक्षा व भरोसा फिर से कायम हो सके।

### पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**कोटपूतली**, (निसं)। राजस्थान पंचायतीराज माध्यमिक शिक्षक संगठन की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसमें आगामी प्रांतीय सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में कोटपूतली, नारायणपुर, पावटा, बहरोड़, नीमराणा व बानसुर ब्लॉकों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष जयदर्थ यादव ने कहा कि जिले से अधिक से अधिक शिक्षक आगामी प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेकर संगठन की मजबूती का परिचय दें। उन्होंने सम्मेलन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं एवं लॉजिस्टिक तैयारियों पर सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की तथा सभी ब्लॉकों को जिम्मेदारियाँ सौंपी। शिक्षकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हुए प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सिंह यादव ने बताया कि शिक्षकों के वेतन नियमितीकरण को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से सकारात्मक बातचीत हुई है। उन्होंने बताया कि डीईओ ने दिसंबर माह में ही वेतन नियमितिकरण और 2022-23 शिक्षक भर्ती के स्थाईकरण के आदेश जारी करने का आष्वासन दिया है, जिससे जिले के शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता अभियान, शिक्षा की गुणवत्ता तथा विद्यालय स्तर की समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि एकजुट होकर ही शिक्षक अपने अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बना सकते हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष जयदर्थ यादव, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सिंह यादव, जिला सभाध्यक्ष पुष्करमल रावत, जिला मंत्री सुनील मेहता, ब्लॉक अध्यक्ष नारायणपुर शीशराम गुर्जर, बहरोड़ ब्लॉक अध्यक्ष रामभरोस यादव, बहरोड़ सभाध्यक्ष बुधसिंह, कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष हजारीलाल गुर्जर, सभा अध्यक्ष बहरोड़ बुधसिंह यादव, सभा अध्यक्ष कोटपूतली हवासिंह गुर्जर, देवेंद्र यादव (नीमराणा), कैलाश धोबी (नारायणपुर), बलकेश मीणा (नारायणपुर), कृष्ण चंद्र यादव, सुनील यादव (नर्सिंग अधिकारी), मुरारीलाल गुर्जर सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों के साथ सभी पदाधिकारियों ने प्रांतीय सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### अवैध देशी शराब सहित तीन गिरफ्तार

**टोंक**। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत विभिन्न थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान डिग्गी थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने डिग्गी कस्बा स्थित मीणों की ढाणी से आरोपी नोरत पुत्र मदन बावरी उम्र 40 साल निवासी झाड़ला थाना माधोराजपुरा जिला जयपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो लीटर अवैध हथकड शराब जब्त की गइ है। इसी प्रकार निवाई थाना पुलिस टीम द्वारा निवाई कस्बे के देवनारायण छात्रावास के पास से अवैध शराब परिवहन करते हुए लाखन सिंह पुत्र बन्नालाल सांसी उम्र 32 साल निवासी पोल्याडा थाना दुनी को गिरफ्तार जाकर आरोपी के कब्जे से 60 पव्वें देशी देशी शराब के जप्त किये गये है। इसी क्रम में अलीगढ़ थाना पुलिस टीम ने अवैध शराब परिवहन करते आरोपी सुमेरसिंह पुत्र लड्डुलाल मीना उम्र 32 साल निवासी लसाडिया थाना अलीगढ को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से अवैध देशी शराब के 52 पव्वें जप्त किये गये है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### पेंशनर समाज की सभा का आयोजन

**सांभरझील**। राजस्थान पेंशनर समाज ,उपशाखा सांभर लेक की मासिक सभा का आयोजन आर्य समाज में डॉ ज्ञान प्रकाश दायमा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण किया गया। कई पेंशनर्स के मोबाइल फ़ोन पर आयी एफ एम एस थ्री पॉइंट जीरो एप्लीकेशन इंस्टॉल की गई तथा पेंशनर्स को स्वयं का पेंशन स्लिप ,विगत वर्षों की पेंशन देखने का तरीक़ा बताया गया। जीवित प्रमाण पत्र में आ रही समस्याओं के निराकरण पर विचार विमर्श किया गया । सभी पेंशनर्स को बीस दिसंबर को जयपुर में होने वाली त्रैमासिक सभा में ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में उपस्थित होने के लिए निवेदन किया गया।सभी पेंशनर्स के द्वारा आर्य वीर चरित्र निर्माण एवं प्रशिक्षण शिविर के बैनर का विमोचन किया गया। सभा में रामदेव गुर्जर, दर्शनलाल घई, श्री कृष्ण शर्मा, ओमप्रकाश गोड़, गौरीशंकर जांगिड़, नंद कुमार प्रजापति, सीताराम बरड़, पन्नालाल गोठवाल, रामकरण देवंदा, सुवालाल स्वामी, भंवरलाल कुमावत, बाबूलाल जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।

### रैली के लिए मीणा जिला संयोजक नियुक्त

**मनोहरपुर**, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जगदीश मीणा पावटा को कोटपूतली बहरोड जिले का अखिल भारतीय कांठोस कमेटी द्वारा आयोजित 14 दिसंबर की दिल्ली रैली के लिए प्रदेश कांठोस कमेटी की सहमति से जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक इंदरराज गुर्जर ने जिले की कमेटी का संयोजक नियुक्त किया है। नियुक्ति के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव जगदीश मीणा ने कहा कि इस जिम्मेदारी को पूरी टीम के साथ निभाते हुए जिले से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांठोस जनों को रैली में ले जाने का कार्य करेंगे एवं टीम के साथियों को लेकर पूरे जिले का दौरा करेंगे।

### बाणगंगा पुल पर लगी रेलिंग टूटी

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। भुसावर के हिंगोटा गांव स्थित बाणगंगा पुल पर लगी रेलिंग टूट गई है, जिससे वाहन चालकों की सुरक्षा खतरे में है। 1980 से अब तक 250 से अधिक हादसे हुए, 51 लोगों की जान गई। स्थानीय नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी मामले की गंभीरता को लेकर सतर्क हैं और जल्द सुधार की अपील कर रहे हैं। भुसावर। भुसावर के हिंगोटा गांव के पास स्थित बाणगंगा नदी के पुल पर लगे रेलिंग की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जुलाई 2021 में 16 लाख रुपए की लागत से यह रेलिंग स्थापित की गई थी, लेकिन पांच वर्ष भी पूरे होने से पहले ही यह टूट चुकी है। इस पुल पर रेलिंग टूटने से वाहन चालकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है और सड़क हादसों की संभावना लगातार बनी हुई है। इतिहास गवाह है कि यह पुल दुर्घटनाओं का अड्डा रहा है। 2015 में इसी पुल से एक वैन सूखी नदी के पेटे में गिर गई, जिसमें नगर निवासी एक महिला की मौत हुई और कई लोग घायल हुए। 2019 में एक बाइक सवार भी इसी नदी में गिर कर मारा गया। इन घटनाओं के बाद सरकार ने 2021 में पुल पर रेलिंग लगाने के लिए 16 लाख रुपए स्वीकृत किए और आरएसआरडीसी के माध्यम से ठेकेदार ने इसे लगाया।